## लोको पायलट से चाकू की नोक पर लूट के आरोपी दो बदमाश धराए

- दो फरार आरोपियों की तलाश में जुटी जीआरपी

**इंदौर.** रेलवे के लोको पायलट से चाकू अड़ाकर रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराने वाले दो बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है. वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार छापामार कार्रवाई कर रही है.

रेलवे पुलिस अधीक्षक पदम विलोचन शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम भुवनेश्वर पिता राकेश पाटीदार निवासी ग्राम राजगढ़, रतलाम और बाबू उर्फ विजय पिता रमेशचंद वर्मा निवासी गांधीनगर, रतलाम हैं. उनके साथी लकी और नीलू की तलाश जारी है.





वारदात दो दिन पहले रात करीब 1.30 बजे की है, जब लोको पायलट आदित्य वर्मा ड्यूटी पर था. तभी आरोपियों ने उसे रोककर चाकू अड़ाया और धमकाकर 3 हजार रुपए ऑनलाइन अपने मोबाइल पर ट्रांसफर करवा लिए. जीआरपी टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन और मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया. पुलिस अब फरार साथियों की तलाश में जुटी है और यह भी जांच की जा रही है कि क्या यह गिरोह इंदौर व आसपास के क्षेत्रों में हुई अन्य लूट की वारदातों में भी शामिल है.

## राजवाड़ा पर चला 'हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें' अभियान

- जागरूकता के साथ बांटे गए हेलमेट
- नियमों का पालन करने की अपील

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सड़क सुरक्षा को लेकर इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शनिवार को राजवाड़ा क्षेत्र में हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें अभियान आयोजित किया. अभियान में उन वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए, जिनके वाहन दस्तावेज पूरे सही थे, लेकिन हेलमेट पहने नहीं थे.**



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह और पुलिस उपायुक्त यातायात जोन-4 आनंद कलादगी ने बताया कि यह अभियान पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अंकुर रिहैब सेंटर की सहभागिता से संचालित किया गया. इस दौरान सेंटर की सीईओ रीमा राजावत और डायरेक्टर डॉ. अंकुर अग्रवाल सहित उनकी टीम ने ट्रैफिक प्रहरी बनकर नागरिकों को सड़क सुरक्षा के संदेशों की तख्तियां दिखाते हुए जागरूक किया. अभियान में हेलमेट लगाए वाहन चालकों की पुलिस अधिकारियों ने सराहना की. वहीं जिन चालकों के पास हेलमेट तो थे, पर उन्होंने पहना नहीं था, उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा और हेलमेट के महत्व की समझाइश दी. जबकि जिन चालकों के पास वाहन के पेपर कंपलीट थे, लेकिन हेलमेट नहीं थे, उन्हें हेलमेट दिए गए. चालकों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया. इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क पर सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है. छोटे-छोटे नियमों का पालन कर हम बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं. साथ ही आमजन से अपील की कि वे वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें.

### एक नजर में

### कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

इंदौर. बायपास रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही से कार चलाना एक युवक की जान ले गया. सेज यूनिवर्सिटी ब्रिज के पास एक कार चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा 7 नवंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे हुआ था, 24 वर्षीय मनीष ठाकुर अपनी मोटरसाइकिल नम्बर एमपी 09 जेडव्हाय 8342 से जा रहा था. तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार एमपी 09 सीजेड 0586 ने लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक करते हुए उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष रेलिंग से टकराकर सर्विस रोड पर जा गिरा. उसका दाहिना पैर कटकर अलग हो गया और सिर सहित शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं. हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मनीष को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने आरोपी कार चालक अभिषेक ठाकुर निवासी उमरिया खुर्द के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. कार जब्त कर चालक की तलाश की जा रही है.

### सद्दाम पटेल युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बने



महू. मप्र युवा कांग्रेस के चुनाव जुलाई में संपन्न हुए थे, जिसमें महू विधानसभा क्षेत्र के ऊर्जावान एवं संघर्षशील जमीनी युवा नेता सद्दाम पटेल युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं. जिससे क्षेत्र के युवाओं में उत्साह और जोश देखने को मिला. युवाओं को विश्वास है कि वो अपनी मेहनत और लगन से युवाओं के हर मुद्दे को मजबूती से उठाएंगे और युवाओं को अपना हक दिलाने का काम करेंगे. इस अवसर पर उन्हें अनेक युवाओं और वरिष्ठ कांग्रेसजनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की.

### काल भैरव की शाही सवारी और विशाल भंडारा 13 को



महू. श्री गुरु दत्तात्रेय विजयतेतराम के जयघोष और भक्ति भावना के साथ भैरवगढ़ उज्जैन में इस वर्ष दंडाधिपति काल भैरव की शाही सवारी एवं विशाल भंडारा का आयोजन 13 नवंबर गुरुवार को किया जाएगा. यह आयोजन का 31वां वर्ष है. कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 1008 दादा गुरु श्यामगिरी सवाई पारमार्थिक ट्रस्ट, महू द्वारा किया जा रहा है. आयोजन श्री पंच दश नाम जूना अखाड़ा इंदौर (मालवा मंडल) के सानिध्य में श्री महंत आनंद गिरी (बाप जी) की उपस्थिति में सम्पन्न होगा. भक्तों के लिए विशाल भंडारा सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शयन आरती तक जारी रहेगा. यह धार्मिक आयोजन श्री काल भैरव मंदिर के सामने, भैरवगढ़ उज्जैन में होगा. यह आयोजन धार्मिक आस्था और समाजसेवा का संगम होगा, जिसमें प्रदेशभर से श्रद्धालु हर वर्ष की तरह शामिल होंगे. आयोजन को सफल बनाने में श्री राम राज्य संकल्पना ट्रस्ट और राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन (संत प्रकोष्ठ), अयोध्या (उत्तर प्रदेश) का भी सहयोग रहेगा.

### चैंपियन इंदौर फुटबाल संघ टीम का किया स्वागत



महू. मप्र फुटबॉल संघ द्वारा नीमच में आयोजित बेस्ट जोन इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल चैंपियनशिप में इंदौर जिला फुटबाल संघ की टीम ने फाइनल मुकाबले में देवास को पराजित कर चैंपियनशिप का खिताब जीता. इस उपलब्धि पर महाआर्यमन सामाजिक एवं खेलकूद संचालन समिति ने टीम के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया. महाआर्यमन सामाजिक एवं खेलकूद संचालन समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल श्री टोंगिया और विशेष अतिथि के रूप में रामचंद्र चौहान, रमेश मास्टर, मानक नागर, अशोक वर्मा उपस्थित थे. इस अवसर पर इंदौर जिला फुटबॉल संघ की ओर से सचिव लोकेंद्र वर्मा, महू भाजपा मंडल महामंत्री प्रकाश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, अंकित जोशी, संदीप रघुवंशी, सुरेश वैध, श्रीमती एकता बाथम, मो. इस्लामुद्दीन, सह सचिव डैनी हतूनिया, शैलेंद्र चौहान, मोमिन खान, आयुष शर्मा, वाजिद आदि उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत समिति अध्यक्ष मुकेश शर्मा, विकास शर्मा, अंकित अग्रवाल, सुनील चौधरी, अजय चौधरी आदि ने किया. संचालन अलंकार रायकवार ने किया. आभार मनहर बन सामाजिक संस्था के सहसचिव विशाल शर्मा ने माना.

### महू में जनता दरबार व नुक्कड़ मीटिंग आज से

महू. छावनी परिषद क्षेत्र के निवासियों की मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, सड़क, सफाई, राशन, स्वास्थ्य आदि मूलभूत समस्याओं को लेकर जनता समस्या निवारण समिति 9 नवंबर से जनता दरबार और नुक्कड़ मीटिंग का आयोजन करेगी. इनके जरिये समिति जनांदोलन के लिए नागरिकों का समर्थन जुटाएगी एवं क्षेत्रवार समस्याओं की जानकारी एकत्रित करेगी.यह जानकारी समिति के प्रेरणा स्त्रोत गोविन्द शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि समिति के संरक्षक अमित अग्रवाल ने हैं. श्री शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में कई अनियमितताएं एवं प्रशासनिक अधिकारियों में सामंजस्य की कमी एवं हठधर्मिता के कारण जनता को अपनी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं. किसी भी नगरीय निकाय की जिम्मेदारी होती है.

## हाईटेक ड्रोन पेट्रोलिंग से अपराधियों पर कस रहा शिकंजा

- अधिकारी कर रहे मोहल्ला बैठकों के जरिये नागरिकों से सीधा संवाद
- हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में सघन चैकिंग, कई संदिग्ध व नशाखोर पकड़े

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने तकनीक और जनसहभागिता का बेहतरीन संयोजन अपनाया है. पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर इंदौर पुलिस ने हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में हाईटेक ड्रोन पेट्रोलिंग शुरू की है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल निगरानी रखी जा सके. साथ ही शहरभर में मोहल्ला समिति बैठकों के माध्यम से नागरिकों से सीधा संवाद कर जन-जागरूकता अभियान भी जारी है.

चारों जोन में डीसीपी के मार्गदर्शन में सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सघन चैकिंग, ड्रोन पेट्रोलिंग और जनसंवाद कार्यक्रम किए. इन कार्रवाइयों के दौरान कई संदिग्ध, नशाखोर और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को पकड़ा. जोन-1 में ड्रोन पेट्रोलिंग और मोहल्ला संवाद थाना आजाद नगर, मल्हारगंज, राजेंद्र नगर, तेजाजी नगर, गांधी नगर, एरोड्रम, राऊ और सदर बाजार क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए. मल्हारगंज और राजेंद्र नगर में ड्रोन के जरिए हॉटस्पॉट इलाकों की निगरानी की गई. वहीं, आजाद नगर और राऊ क्षेत्र में संदिग्धों की सघन चैकिंग की गई. जोन-2 में संदिग्धों से पूछताछ और हॉटस्पॉट निगरानी, लसूड़िया, खजराना और विजय नगर थाना क्षेत्रों में पुलिस ने ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी और कई संदिग्धों से पूछताछ की. मोहल्ला बैठकों में रहवासियों को नशे और अपराध से दूर रहने की समझाइश दी गई. जोन-3 में रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर कड़ी निगरानी, छोटी ग्वालटोली, हीरानगर, सेंट्रल कोतवाली और संयोगितागंज क्षेत्रों में ड्रोन पेट्रोलिंग के साथ ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को समझाइश दी गई कि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल न हों. स्टेशन और सरवटे बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई. इसी तरह जोन-4 में पुलिस का जनसंवाद और चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसके तहत रावजी बाजार, छत्रीपुरा, पंढरीनाथ, भंवरकुआं और चंदन नगर थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों ने मोहल्ला समितियों की बैठकें लेकर लोगों से सीधा संवाद किया. गंगवाल बस स्टैंड और छत्रीबाग क्षेत्र में संदिग्धों की चैकिंग की गई.



### पुलिस-जन सहयोग से सुरक्षित इंदौर की दिशा में कदम

इंदौर पुलिस का यह अभियान अपराध पर नियंत्रण के साथ नागरिक सहभागिता को भी बढ़ा रहा है. ड्रोन पेट्रोलिंग से जहां अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, वहीं मोहल्ला बैठकों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और अपराध से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं. तकनीक और जनसहयोग से इंदौर पुलिस शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बना रही है, ताकि हर नागरिक निडर होकर जीवनयापन कर सके.

### पुलिस ने 21 भारी वाहनों पर की चालानी कार्रवाई

**इंदौर.** शहर में यातायात सुगमता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इंदौर पुलिस लगातार नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई कर रही है. पुलिस कमिश्नर के दिशा-निर्देशों के तहत नो एंट्री क्षेत्रों में भारी वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है. हाल ही में 7 नवंबर की सुबह से 8 नवंबर की सुबह तक की गई कार्रवाई में पुलिस ने नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले 21 भारी वाहनों के चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की. इस दौरान कुल 1 लाख 5 हजार का समन शुल्क वसूल कर शासन के खाते में जमा कराया गया. वाहन चालकों को पुलिस ने नियमों का पालन करने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने की चेतावनी भी दी. पुलिस ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

## एमवाय अस्पताल में मरीजों के परिजनों से करता था ठगी

**इंदौर.** एमवाय अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों के परिजनों से रुपए ऐंठने वाले एक ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी अस्पताल परिसर में घूमकर खुद को अस्पताल से जुड़ा व्यक्ति बताता और बेहतर इलाज का झांसा देकर रुपए ठग लेता था.

संयोगितागंज थाना प्रभारी केपी यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अरविंद मालवीय है. वह मरीजों के परिजनों से संपर्क कर इलाज में मदद के बहाने रुपए मंगवाता था. शिकायतकर्ता अजय सोलंकी, निवासी ग्राम शाला, तहसील धरमपुरी धार ने बताया कि उसकी मां का एमवाय में ऑपरेशन चल रहा था, तभी आरोपी ने पास आकर कहा कि वह अच्छा इलाज करवा देगा, जिसके लिए अतिरिक्त पैसे लगेंगे. इस बहाने उसने मोबाइल नंबर पर 8 हजार रुपए डलवा लिए. जांच में सामने आया कि आरोपी ने सड़िया पिता सुखलाल और अमरसिंह उर्फ गोलू अय्यर से भी क्रमश: 5 हजार और 9 हजार रुपए इसी तरीके से वसूल किए थे. पुलिस ने मोबाइल नंबर की ट्रेसिंग के आधार पर आरोपी को पकड़ा और उसके खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया. अब पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.

## ट्रैफिक की पाठशाला में नन्हे प्रहरियों ने सीखे सड़क सुरक्षा के गुर

- यातायात रथ की डिजिटल स्क्रीन पर देखे एनिमेशन
- बाल मन में बसाया नियमों का महत्व

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सड़क सुरक्षा को लेकर इंदौर ट्रैफिक पुलिस का नवाचार लगातार जारी है. शहर के सुगम, सुरक्षित और अनुशासित यातायात के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त के निर्देशन में ट्रैफिक की पाठशाला कार्यक्रम के तहत शनिवार को छोटे बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है.**



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह और डीसीपी यातायात, जोन-4 आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में ट्रैफिक प्रबंधन पुलिस ने एक निजी किड्स स्कूल, बालवाटिका के नन्हे विद्यार्थियों के लिए ट्रैफिक पार्क में ट्रैफिक बाल प्रहरी पाठशाला आयोजित की. इस दौरान बच्चों को गीतों, कविताओं और कार्टून वीडियो के माध्यम से यातायात नियमों का पालन सिखाया. कार्यक्रम में यातायात जागरूकता रथ की डिजिटल स्क्रीन पर बच्चों को एनिमेशन और कार्टून कैरेक्टर के जरिए ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई. उन्होंने बड़ी उत्सुकता से यह दृश्य देखे और सड़क पर चलने के सही तरीके सीखे. ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को ट्रैफिक सिग्नल के रंग, जेबरा क्रॉसिंग, स्टॉप लाइन, स्कूल आने-जाने के समय बरती जाने वाली सावधानियों और खेलते वक्त सड़क पर सतर्क रहने के बारे में सरल भाषा में समझाया.

### ...तो सड़क दुर्घटनाओं में आ सकती है कमी

बच्चों के बीच वितरित किए गए पैंफलेट्स के माध्यम से यह संदेश भी दिया कि वे घर जाकर अपने परिवार को भी ट्रैफिक नियमों के बारे में बताएं. स्कूल संचालिका वर्षा सेन ने कहा कि यदि बचपन से ही बच्चों में यातायात अनुशासन की आदत विकसित हो जाए, तो भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बड़ी कमी आ सकती है. उन्होंने ट्रैफिक पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सामूहिक रूप से अनुशासन और सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देते हैं. कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिकाएं रश्मि, प्राची, सिमरन, कृष्णा और जानकी सहित सभी बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए.

## जीआरपी की दोहरी सफलता, 144 बच्चों को सुरक्षित पहुंचाया आंचल में

### मुस्कान अभियान : अपहृत किशोरी सकुशल बरामद, भटका मासूम लौटा परिवार के पास

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** रेलवे पुलिस की सतर्कता और मानवीय संवेदना ने एक बार फिर मुस्कान अभियान के मकसद को जीवंत कर दिया. दो अलग-अलग मामलों में जीआरपी पुलिस की तुरंत कार्रवाई से जहां एक अपहृत किशोरी को बरामद किया, वहीं स्टेशन पर भटका एक मासूम बालक अपने परिजनों से सुरक्षित मिलवा दिया. इस अभियान के तहत जीआरपी अब तक 144 बच्चों को तलाश कर सुरक्षित आंचल में पहुंचा चुकी है.

मुस्कान अभियान के दौरान जीआरपी उज्जैन की टीम रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रही थी. निरीक्षक अमित कुमार भावसार के नेतृत्व में आरक्षक हेमेंद्र शर्मा, जनक सिंह, राहुल सिंह, विजय पाटीदार, महिला आरक्षक शिल्पा मोगिया, अलका शारदे और राजेश पाटीदार ने प्लेटफार्म पर एक किशोर और किशोरी को संदिग्ध अवस्था में देखा.




पूछताछ में जानकारी असंगत पाई जाने पर ई-रक्षक ऐप से सत्यापन उसका किया, जिससे पता चला कि किशोरी थाना शाहपुरा (भोपाल) के अपहरण मामले में लापता थी. पुलिस ने दोनों को थाने लाकर आवश्यक कार्रवाई की और सूचना शाहपुरा पुलिस को दी. बाद में किशोरी को उनके सुपुर्द कर दिया. इधर, जीआरपी गुना थाना प्रभारी श्रीपाल सिंह भदौरिया के निर्देशन में पुलिस की टीम ने प्लेटफार्म 2/3 पर एक 8 वर्षीय बालक (परिवर्तित नाम रोहित) को अकेला घूमते देखा. बच्चा स्कूल यूनिफॉर्म में था और बैग में किताबें मिलीं. पूछताछ में उसने अपना पता अशोकनगर बताया, लेकिन घर से कैसे पहुंचा, यह स्पष्ट नहीं कर सका. टीम ने कंट्रोल रूम और थाना देहात कोतवाली, अशोकनगर से संपर्क किया. कुछ ही समय में बालक के पिता स्टेशन पहुंचे और बताया कि बेटा स्कूल जाने के लिए घर से निकला था.

## पेंशन दिलाने के नाम पर बुजुर्ग से ठगे ढाई लाख रुपए

इंदौर. ऑनलाइन ठगों ने भोपाल ट्रेजरी ऑफिस का अधिकारी बनकर एक सेवानिवृत्त व्यक्ति से करीब ढाई लाख रुपये उड़ा लिए. आरोपी ने सरकारी विभाग का लोगो और फर्जी लिंक भेजकर पीड़ित को विश्वास में लिया और बैंक खाते से रकम ट्रांसफर करा ली.

फरियादी 65 वर्षीय ध्यानूराव बच्चन निवासी पवनपुरी कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि उसका एचडीएफसी बैंक की नवलखा शाखा में खाता है. 13 अक्टूबर को उन्हें मोबाइल नंबर से कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को डीके तिवारी, ट्रेजरी ऑफिसर, भोपाल बताते हुए कहा कि उनका पेंशन प्रकरण उनके पास आया है. उसने व्हाट्सएप पर पेंशन सेवा नाम से एक लिंक भेजी और कहा कि उसमें विवरण अपलोड करने पर एरियर और अन्य राशि जारी हो जाएगी. फरियादी ने लिंक पर क्लिक कर मांगी गई जानकारी अपलोड कर दी. कुछ दिनों बाद, 16 अक्टूबर की रात करीब 7.29 बजे उनके खाते से 1 लाख 97 हजार 823 रुपए और तुरंत बाद 36 हजार 031 रुपए रूपाकुमारी नाम के खाते में ट्रांसफर हो गए. घटना की जानकारी मिलते ही ध्यानूराव ने बैंक और पुलिस दोनों को सूचित किया. पुलिस ने मोबाइल नंबर और ट्रांजेक्शन डिटेल के आधार पर जांच शुरू कर दी है. मामला धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत दर्ज कर साइबर सेल को सौंपा गया है.

**एक नजर में** — नगर निगम और यातायात विभाग कभी-कभी करता है केवल दिखावे की कार्रवाई

## शहर में जाम का मुख्य कारण दुकानों के सामने सामान रखकर कब्जा




इंदौर. शहर में बढ़ता यातायात और दिन में अनेक बार लगते जाम के कारणों में से मुख्य कारण दुकानदारों द्वारा सडक़ों पर अवैध तरीके से कब्जा भी है. इस कारण की ओर से नगर निगम एवं यातायात विभाग दोनों ही आंखें मूंदे और चुप्पी साधे हुए हैं.

शहर का सबसे व्यस्त रहने वाला राजवाड़ा और इसके आसपास लगने वाले व्यवसायिक क्षेत्रों में सुबह 11 बजे से लेकर रात्रि 9.30 बजे तक लगातार एक जैसा यातायात सडक़ों पर बना रहता है. अगर बात की जाए नई बागड़, रानीपुरा और नॉर्थ तोड़ा के पीछे वाले हिस्से की तो इस चौराहे पर पांच रास्तों का संगम होता है. शीतला माता मंदिर से आने वाला सियागंज, महारानी रोड से आने वाला मार्ग, जवाहर मार्ग की ओर से आने वाला जेल रोड और एमजी रोड से आने वाला यातायात पटाखे की दुकान के सामने से होते हुए रिवरसाइड जाता है. इस मुख्य चौराहे पर देखें तो यहां लगभग हर दुकानदार ने अपनी दुकानों का सामान 8-10 फीट तक सडक़ों पर बिछा रखा है. इतना ही नहीं, दूसरे शहरों में पहुंचने वाला लगेज भी अवैध तरीके से दुकानदार द्वारा सडक़ों पर रख दिया जाता है.

### यह बोले वाहन चालक एवं ग्राहक ...



अगर सडक़ पर रखा दुकानों का सामान और पार्किंग यहां से हटा दी जाए तो सडक़ का आकार इतना खुलकर सामने आएगा कि यातायात सरलता से चलता रहेगा और किसी को कोई समस्या नहीं होगी.

**- विनीत यादव**



इस क्षेत्र में जाम लगने का मुख्य कारण सडक़ों और फुटपाथों पर अवैध कब्जे हैं. नगर निगम और यातायात विभाग को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि जनता को सुविधा मिल सके.

**-आदर्श गुप्ता**



ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती, यह बड़ा सवाल है. विभागों पर संदेह भी होता है, अगर कभी होती भी है तो केवल दिखावे की कार्रवाई होती हैं. अमूमन अनदेखी की जाती है फिर चाहे जनता पिसती रहे.

**- शुभम मालवीय**